पार्टी ने महत्वपूर्ण बैठक में खींचा मिशन-2027 की तैयारियां तेज करने का खाका, पदाधिकारियों और प्रभारियों ने किया मंथन

मोदी-शाह की रैलियों से यूपी में चढ़ेगा सियासी पारा

रणनीति

लखनऊ, विशेष संवाददाता। यूपी में भाजपा के लिए चुनावी माहौल बनाने का मोर्चा खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह संभालेंगे। प्रधानमंत्री हर कमिश्नरी में चुनावी रैलियां करेंगे। गृहमंत्री भी प्रदेशभर में चुनावी सभाएं करेंगे। इसके अलावा भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं की भी सभाएं और कार्यक्रम होंगे।

यह सिलसिला 20 नवंबर के बाद शुरू हो जाएगा। पार्टी सोशल मीडिया पर अपने प्रचार अभियान को धार देगी। मतदाता बनाने पर फोकस करेगी। शनिवार को प्रदेश भाजपा मुख्यालय में प्रदेश पदाधिकारियों, क्षेत्रीय अध्यक्षों-प्रभारियों और जिलाध्यक्ष, जिला प्रभारियों की बैठक में मिशन-2027 का खाका खींचा गया। भाजपा ने प्रदेश कार्यसमिति के बाद केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की सीख को जमीन पर उतारने की कवायद शुरू कर दी है। पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री और यूपी प्रभारी विनोद तावड़े की मौजूदगी में शनिवार को मेराथन बैठक हुई। इसमें 360 डिग्री पर चुनाव अभियान को गति देने पर चर्चा की गई। पार्टी अब प्रदेश में चुनावी माहौल गर्माएगी। इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कमिश्नरी स्तर पर रैलियां कराने का फैसला किया गया है। इस लिहाज से प्रदेश के 18 मंडलों में चुनाव से पहले पीएम की सभाएं होंगी। गृहमंत्री अमित शाह पहले चरण में क्षेत्रवार सभाओं और बूथ सम्मेलनों के जरिए कार्यकर्ताओं में जोश भरेंगे। पार्टी जल्द इसका विस्तृत कार्यक्रम बनाकर पीएम और गृहमंत्री को भेजेगी। इसके अलावा भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह सहित अन्य नेताओं की भी रैलियां और कार्यक्रम होंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रदेश के हर जिले में कार्यक्रमों का सिलसिला पहले ही शुरू कर चुके हैं। अब तक वे प्रदेश के अधिकांश जिलों में पहुंच भी चुके हैं। यह सिलसिला लगातार जारी है।



शनिवार को हुई बैठक में यूपी प्रभारी विनोद तावड़े, प्रदेश अध्यक्ष व संगठन महामंत्री मौजूद रहे।

2027 मिशन का खाका प्रदेश भाजपा मुख्यालय में पदाधिकारियों, क्षेत्रीय अध्यक्षों-प्रभारियों और जिलाध्यक्ष, जिला प्रभारियों की बैठक में खींचा गया

20 नवंबर के बाद प्रदेश में शुरू होंगी भाजपा की चुनावी रैलियां

18 मंडलों में चुनाव से पहले पीएम की सभाएं होंगी

सोशल मीडिया में कंटेंट भी डालें: धर्मपाल

प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने सोशल मीडिया पर सक्रियता को लेकर जिलाध्यक्षों की क्लास ली।बताया कि पार्टी की ओर से भेजे गए कंटेंट को कितने लोगों ने पोस्ट या रीपोस्ट किया। चेताया कि सिर्फ अपनी फोटो पोस्ट करने से काम नहीं चलेगा। पार्टी के नेरेटिव को अधिकाधिक लोगों तक पहुंचाने के लिए तत्काल अपना तरीका बदलें। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव के लिए जिला तथा विधानसभा चुनाव संचालन समिति तैयार करनी है। लोकतंत्र बचाओ-अराजकता हटाओ अभियान के तहत क्षेत्रीय स्तर पर निकलने वाली सभी पदयात्राएं कम से कम 25 हजार जनसमूह के साथ निकलेगी। दीपावली के बाद पार्टी मतदाता पुनरीक्षण के काम में जुटेगी।

क्षेत्र में 50 परिवारों से संपर्क करें: तावड़े

राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावड़े ने कहा कि हमें डोर टू डोर जनसम्पर्क के लिए योजना तैयार करनी है। इसके लिए महिला, युवा, नवमतदाता, लाभार्थी किसान, छोटे व्यापारी, प्रबुद्धवर्ग, पूर्व सैनिक तथा सभी सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों से संपर्क की कार्ययोजना तैयार करके काम करना है। इसके साथ ही जिला स्तर पर समन्वय टोली का गठन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पार्टी घर-घर सम्पर्क अभियान के तहत प्रत्येक 50 परिवारों पर एक कार्यकर्ता को जिम्मेदारी सौंपेगी। 2017 से बेहतर परिणाम प्राप्त करने के लिए बारीकी से प्रत्येक कार्ययोजना पर काम करना है। उन्होंने कहा कि विधानसभा स्तर पर प्रवासी प्रभारियों की नियुक्ति का काम शीघ्र पूर्ण किया जाए।

कमल खिलाने के लिए झोंकें ताकत: पंकज

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पंकज चौधरी ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एक भारत, श्रेष्ठ भारत का वही सपना साकार हो रहा है, जो सरदार पटेल ने देखा था। समय कम है और लक्ष्य बड़ा है। 2027 के विधानसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में पुनः प्रचंड बहुमत के साथ कमल खिलाने के लिए हमें अपनी पूरी क्षमता झोंक देनी होगी। अब समय आ गया है कि हम पूरी ऊर्जा के साथ चुनावी मोड में उतर जाएं। तीन नवंबर से प्रदेश के सभी छह संगठनात्मक क्षेत्रों में लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ अभियान के तहत विशाल पदयात्राएं निकाली जाएंगी। ज्यादा से ज्यादा अपने क्षेत्र में रात्रि-प्रवास करें तथा सभी क्षेत्रीय अध्यक्ष व जिला अध्यक्ष मोर्चों की गतिविधियों को प्रभावी बनायें।

24 प्रकोष्ठों के संयोजक घोषित

लखनऊ। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने शनिवार को पार्टी के प्रकोष्ठों के संयोजक और सह संयोजकों की घोषणा कर दी। पार्टी के कई विधान परिषद सदस्यों, पूर्व मंत्रियों व पूर्व विधायकों को भी इसमें संयोजक या सह संयोजक नियुक्त किया गया है। विधि प्रकोष्ठ का संयोजक प्रशांत सिंह अटल, सह संयोजक राम प्रताप सिंह चौहान, रणजीत सिंह कुशवाहा, वासुदेव माहौर, शीतला प्रसाद गौड़, शिव भगवान गोस्वामी, जयवर्धन त्रिपाठी बनाए गए हैं। प्रबुद्ध प्रकोष्ठ का सयोजक डा. कौस्तुभ नारायण मिश्र, सह संयोजक यमुना प्रसाद चतुर्वेदी, डा. मनोज सिवाच, डा. अजय मणि त्रिपाठी, विनय कुमार श्रीवास्तव बनाए गए हैं। व्यवसायिक प्रकोष्ठ का संयोजक राजेश अग्रहरि को बनाया गया है। नुपुर अग्रवाल, राजीव रंजन अग्रवाल, अरुण कुमार सिंह और नीरज गुप्ता को सह संयोजक बनाया गया है।

सियासत 30S

किसानों को तत्काल मुआवजा दें : योगी

लखनऊ। अर्नब तूफान से किसानों की फसलों को हुए नुकसान का सीएम योगी आदित्यनाथ ने संज्ञान लिया है। उन्होंने प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों को तत्काल फील्ड में उतरकर फसल क्षति का आकलन कराने के निर्देश दिए हैं। योगी ने नुकसान का आंकलन कर तत्काल मुआवजा दिए जाने के आदेश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिए हैं कि यदि फसल की क्षति निर्धारित मुआवजे के दायरे से अधिक है तो भी किसानों को राहत दिलाने के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाए।

छोटे व्यवसाय में इस्तेमाल हों घरेलू कनेक्शन

लखनऊ। घरेलू बिजली का ही इस्तेमाल छोटी दुकानों में करने की मांग उठी है। राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने एक किलोवॉट के घरेलू कनेक्शन वाले उपभोक्ताओं को दुकान के लिए उसी की बिजली इस्तेमाल करने की व्यवस्था देने का मुद्दा उठाया है। परिषद ने कहा कि वर्ष 2027-28 के लिए टैरिफ तय करते वक्त आयोग इसका आदेश दे। वित्तीय वर्ष 2027-28 के लिए बिजली दरों के तय करने की प्रक्रिया की शुरुआत 30 नवंबर के बाद शुरू हो जाएगी। सभी बिजली कंपनियां 30 नवंबर तक अपनी वार्षिक राजस्व आवश्यकता का प्रस्ताव नियामक आयोग में दाखिल करेंगी।

राज्यों को जोड़ेगी भाजपा की समरसता यात्रा

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी सामाजिक समरसता के संदेश संग जालंधर से वाराणसी तक सामाजिक समरसता यात्रा निकालेगी। भाजपा के प्रदेश मुख्यालय में शनिवार को आयोजित बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लाल सिंह आर्य ने इस यात्रा की रूपरेखा एवं कार्यक्रमों की जानकारी साझा की। यात्रा 18 नवंबर को जालंधर से प्रारंभ होकर 3 दिसंबर को वाराणसी पहुंचेगी।

सिखों और देश से माफी मांगे कांग्रेस : परविंदर

लखनऊ। अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य परविंदर सिंह ने कांग्रेस से सिखों और देश से माफी की मांग की है। उन्होंने शनिवार को कहा कि 31 अक्तूबर को देश भर में निर्दोष सिखों के विरुद्ध अमानवीय हिंसा और सुनियोजित नरसंहार हुआ। दिल्ली, कानपुर, बोकारो, भिलाई सहित देश के अनेक स्थानों पर हजारों निर्दोष सिखों को मौत के घाट उतार दिया गया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शासन में सिख समाज की धार्मिक भावनाओं को गहरी चोट पहुंचाई गई।

मतदाता सूची गड़बड़ी के आरोपी पीसीएस प्रतीक्षारत

लखनऊ। राज्य सरकार ने पीलीभीत मतदाता सूची में गड़बड़ी के आरोपी दोनों पीसीएस अधिकारियों नई तैनाती देने के दूसरे दिन ही प्रतीक्षारत कर दिया है। पीलीभीत उपजिलाधिकारी के पद से हटाकर इन्हें तैनाती दिए जाने का मामला तूल पकड़ने के बाद इन्हें प्रतीक्षारत करने संबंधी आदेश नियुक्ति विभाग ने शनिवार को जारी किया। हेमंत चौधरी और मयंक गोस्वामी पीलीभीत में उपजिलाधिकारी के पद पर तैनात थे।

यूपी से एक लाख लोग शामिल होंगे रैली में: आराधना

लखनऊ। यूपी कांग्रेस अध्यक्ष आराधना मिश्रा ने दावा किया है कि रविवार को दिल्ली में इंडिया ब्लॉक की रैली में यूपी से एक लाख लोग शामिल होंगे। बताया कि बड़ी संख्या में दिल्ली पहुंच चुके हैं। अब तक लगभग दस हजार लोग दिल्ली स्थित प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के कैंप कार्यालय में उपस्थिति दर्ज करा चुके हैं। आराधना ने कहा कि कोने-कोने से कांग्रेस कार्यकर्ता दिल्ली पहुंच रैली को सफल बनाएंगे।

स्कूल की लिफ्ट टूटने से 11 शिक्षक घायल, भर्ती

सुलतानपुर। चुनहा गांव स्थित एक प्राइवेट स्कूल में चल रही जनगणना प्रशिक्षण से वापस जा रहे 11 शिक्षक स्कूल की लिफ्ट टूटने से घायल हो गए। इनमें सात की हालत गंभीर है। सभी को भगवती ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। शहर कोतवाली क्षेत्र के चुनहा गांव स्थित स्कूल में दूसरे चरण की जनगणना के लिए शनिवार को कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा था। प्रशिक्षण समाप्त होने पर कुछ शिक्षक लिफ्ट में सवार हो गए। लिफ्ट कुछ नीचे आने के बाद टूट गई।

कौशल प्रशिक्षण नहीं देने वाली 93 कंपनियां होंगी ब्लैक लिस्ट

लखनऊ, प्रमुख संवाददाता। यूपी में युवाओं को हुनरमंद बनाने के लिए कौशल प्रशिक्षण देने वाली कंपनियां लापरवाही बरत रही हैं। उप्र कौशल विकास मिशन ने 93 कौशल प्रशिक्षण कंपनियों को नोटिस जारी कर जवाब-तलब किया है। जवाब मिलने के बाद इन कंपनियों पर कार्रवाई होगी और फिर इन्हें ब्लैक लिस्ट किया जाएगा।

उप्र कौशल विकास मिशन के मिशन निदेशक पुलकित खरे की ओर से कुल 93 प्रशिक्षण प्रदाता कंपनियों को नोटिस जारी की गई है। जिसमें से 62 प्रशिक्षण प्रदाता कंपनियों ने पिछले तीन सालों से कोई ट्रेनिंग लक्ष्य नहीं मांगा और न ही प्रशिक्षण कार्य कराया। मिशन में पंजीकृत इन कंपनियों ने इस वर्ष भी अभी तक कौशल प्रशिक्षण के लिए प्रशिक्षण केंद्रों का संचालन शुरू नहीं किया।

- 62 कंपनियां पिछले तीन वर्षों से नहीं दे रही ट्रेनिंग
- 31 कंपनियों ने इस वर्ष अभी ट्रेनिंग नही शुरू की

त्योहारों पर बाजारों में रोज पेट्रोलिंग करें: डीजीपी

निर्देश

लखनऊ, विशेष संवाददाता। डीजीपी राजीव कृष्ण ने दीपावली पर सुरक्षा प्रबंधों को लेकर कड़े निर्देश दिए हैं। डीजीपी ने शनिवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिलों में की जा रही तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने धनतेरस, दीपावली, गोवर्धन पूजा, भैयादूज व छठ पूजा पर शांति-व्यवस्था बनाए रखने के लिए संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त सतर्कता बरते जाने के साथ ही वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों व थानाध्यक्षों को बाजारों में नियमित फुट पेट्रोलिंग का निर्देश दिया।

डीजीपी ने कहा कि प्रमुख बाजारों व मार्गों पर पुलिस की उपस्थिति नजर आए। शाम छह-सात बजे के बाद नियमित अंतराल पर पुलिस सायरन बजार अपनी मौजूदगी का एहसास भी कराए। फुट पेट्रोलिंग के दौरान अधिकारियों को स्थानीय दुकानदारों व लोगों से संवाद करने तथा उसकी वास्तविक समस्याओं का समाधान कराने का निर्देश भी दिया। डीजीपी ने त्योहारों पर बेहतर यातायात प्रबंधन तथा जाम की समस्या के दृष्टिगत ट्रैफिक ड्यूटी का पुनर्गठन करने का निर्देश भी दिया। कहा कि प्रमुख मार्गों, बाजारों व भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल लगाया जाए। उन्होंने पटाखा बाजार की सुरक्षा-व्यवस्था को लेकर भी कड़े निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पटाखों की दुकानें खुले व सुरक्षित स्थानों पर तथा मुख्य बाजार से अलग निर्धारित स्थानों पर लगाई जाए। बिना अस्थायी लाइसेंस के कहीं कोई दुकान न लगे और दुकानों पर पानी, रेत व अग्निशमन यंत्र सहित आवश्यक सुरक्षा प्रबंध अनिवार्य रूप से उपलब्ध रहें। बैठक में एडीजी कानून-व्यवस्था अमिताभ यश ने कहा कि विवेचना व पुलिस कार्रवाई को केवल घटना के अनावरण तक सीमित न रखा जाए बल्कि संलिप्त गैंग के पूरे नेटवर्क, उसके विस्तार व अंतर-जनपदीय संबंधों की गहनता से जांच की जाए।



- वीडियो कांफ्रेंसिंग कर दीपावली के सुरक्षा-प्रबंधों पर दिए निर्देश
- पटाखा बाजार में हो सघन जांच, बरती जाए पूरी सावधानी

सरकार ने कानून-व्यवस्था को बर्बाद किया : अखिलेश

वार

लखनऊ, विशेष संवाददाता। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि यह आश्चर्य की बात है कि जिनकी सत्ता बदनाम हो चुकी है वह 'जातिवाद' की बात कर रहे हैं। इसलिए ये दरारवादी एकता की बात न ही करें।

भाजपा की सोच नेगेटिव है और दरारवादियों का एक गुट है। जो होता भाजपाई, वो पैदा करता खाई। भाजपा ने दस साल में यूपी को हर क्षेत्र में पीछे धकेल दिया है। वो जनता को झूठे सपने दिखाती है। धोखा देती है। विधान परिषद चुनाव में वाराणसी में भाजपा की डबल हार हुई है। विधानसभा चुनाव में भाजपा का सफाया होना तय है। अखिलेश ने शनिवार को गोमती नदी के किनारे स्थित आचार्य नरेंद्र देव की समाधि स्थल पर जाकर पुष्प अर्पित कर नमन किया।


भाजपा ने 10 साल में यूपी को हर क्षेत्र में पीछे धकेला

पार्टी मुख्यालय में आचार्य नरेंद्र देव और सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्रों पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने प्रदेश की कानून व्यवस्था को बर्बाद कर दिया है। बेटियां असुरक्षित हैं। अन्याय, अत्याचार चरम पर है। जनता भाजपा के कुशासन से तस्त्र है। जनता भाजपा के चाल, चरित्र, चेहरा को समझ गई है।

यूपी में अब पुलिस के कॉलर नहीं पकड़ता अपराधी : तावड़े

पलटवार

लखनऊ, विशेष संवाददाता। भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री और यूपी प्रभारी विनोद तावड़े ने शनिवार को सपा पर तंज कसा। एक्स पर किए पोस्ट में तावड़े ने लिखा कि लड़के हैं, लड़कों से गलती हो जाती है। दुष्कर्म जैसे घिनौने अपराध के आरोपियों को बचाने के लिए अखिलेश के पिता ने पूरे समाज को शर्मसार करने वाला बयान दिया था।

तावड़े ने लिखा कि आज उनके बेटे महिला सुरक्षा पर ज्ञान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार में अपराधों को शरण नहीं मिलती, बल्कि उसका सफाया हो जाता है। तावड़े ने कहा कि अब उत्तर प्रदेश में अपराधी पुलिस के कॉलर नहीं पकड़ता, बल्कि सलाखों के पीछे होता है। एक अन्य पोस्ट में कांग्रेस को घेरते हुए उन्होंने लिखा कि एसआईआर की आड़ में घुसपैठियों को बचाने के लिए अब कांग्रेस पार्टी मॉक पार्लियामेंट आयोजित कर रही है।


भाजपा महामंत्री ने सपा और कांग्रेस पर साधा निशाना

अखिलेश से सीट नहीं मांगी है: स्वामी प्रसाद

लखनऊ, हिटी.। पूर्व मंत्री और अपनी जनता पार्टी के प्रमुख स्वामी प्रसाद मौर्य ने शनिवार को सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पर पलटवार करते हुए कहा कि मैंने उनसे सीट नहीं मांगी है। स्वामी प्रसाद कहा कि अखिलेश यादव इंडिया गठबंधन नहीं हैं। वह गठबंधन में केवल एक पार्टी हैं। लिहाजा वह फैसला नहीं ले सकते हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे इंडिया गठबंधन के संयोजक हैं और उनका निर्णय अंतिम होगा। मैंने मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी और यूपी कांग्रेस के प्रभारी राजेंद्र पाल गौतम से मुलाकात की।

खुलासा: राजधानी लखनऊ को दहलाने की साजिश में दो और ग्रुप

लखनऊ, विशेष संवाददाता। पाकिस्तानी गैंगस्टर शहजाद भट्टी ने आईएसआई के इशारे पर लखनऊ के चारबाग रेलवे स्टेशन को निशाना बनाने के लिए संदिग्ध आंतकियों के दो और ग्रुप भी सक्रिय किए हैं। इनका महाराष्ट्र कनेक्शन भी सामने आया है।

लखनऊ से पकड़े गए संदिग्ध आतंकी पंजाब निवासी गगनदीप सिंह, रजत कुमार व क्रिश से पूछताछ में ऐसे कई सनसनीखेज तथ्य सामने आए हैं। तीनों आरोपितों को पुलिस कस्टडी रिमांड पर लेने की तैयारी है।

एटीएस पाकिस्तानी गैंगस्टर के गुर्गे राना भाई पाकिस्तानी के अलावा हम्माद मेमन उर्फ हम्माद बरकाती, जावेद पाकिस्तानी, अजमल गुर्जर पाकिस्तानी, राशिद भट्टी, राणा हुनैन, मेजर इकबाल, मेजर हमीद व मेजर अनवर के संपर्क में आए संदिग्ध आतंकियों को लेकर अपनी छानबीन को आगे बढ़ा रही है।





हिन्दुस्तान भरोसा नए हिन्दुस्तान का



यूको बैंक

आंचलिक कार्यालय: धनश्री कॉम्पलेक्स, प्रथम तल, डी-63/8-1एम, तुलसीपुर, महमुरगंज, वाराणसी

ई-नीलामी बिक्री सूचना (सरफेसी एक्ट 2002 के तहत)

बैंक के प्राधिकृत अधिकारी ने प्रतिभूतिकरण वित्तीय आस्ति का पुर्ननिर्माण एवं प्रतिभूति ब्याज का प्रवर्तन अधिनियम-2002 (SARFAESI Act-2002) की धारा 13(2) सहपठित नियम 5,6,7,8 और 9 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए बैंक के पास साम्यिक बंधक रखी गई निम्नलिखित संपत्ति के संबंध में मांग-नोटिस जारी करने के उपरोक्त उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए संपत्तियों को कब्जे में लिया है, और अब प्राधिकृत अधिकारी उक्त संपत्तियों को "जो है, जैसा है, जहाँ है" के आधार पर दिन0 17.11.2026 को यथास्थिति ई-नीलामी (Baanknet Portal) द्वारा बिक्री करने हेतु मुहरबंद निविदा आमंत्रित करते हैं।

क्र. सं.	शाखा का नाम ,ऋणी का नाम व बन्धककर्त्ता का नाम	बंधक सम्पत्ति का विवरण	कब्जा तिथि/ कब्जा की वस्तु-स्थिति (वास्तविक/प्रतीकात्मक)	मांग सूचना की तिथि व बकाया राशि	आरक्षित मूल्य / अग्रिम मूल्य / निविदा बढ़ोतरी राशि	प्राधिकृत अधिकारी का विवरण	ई-नीलामी की तारिख व समय
	शाखा: मुगलसराय (2123)						
1.	उधारकर्ता: 1. अमीन बाबू पुत्र जब्बार अली 2. मुन्नी बेगम, गारण्टर जब्बार अली सभी का पता 224, हनुमानपुरा, अहिरान, मुगलसराय, जिला चन्दौली, उ0 प्र0-232101	जमीन और उस पर बनी इमारत मकान नंबर-218 ए-1 (क्षेत्रफल 1360 वर्गफुट), जो मुन्नी बेगम (पत्नी जब्बार अली) के नाम पर है।	04.04.2025 प्रतिकात्मक	23.01.2025 12,25,095.00 ब्याज + अन्य चार्ज	27.76 (लाख) 2.78 (लाख) 0.10 (लाख)	श्रीमती रश्मि माथुर 9540897993	17.11.2026 10:00 AM to 05:00 PM
		इसका पंजीकरण सब-रजिस्टार मुगलसराय के यहाँ सेल डीड (बिक्री विलेख) के जरिए हुआ है-एस.आर. मुगलसराय, बुक नं0 1, वॉल्यूम नं0 414, पेज नं0 171-186, सेल डीड दस्तावेज नं0 2559, दिनांक 14.03.2022। करेक्शन डीड (सुधार डीड) एस.आर. मुगलसराय, बुक नं0 1, वॉल्यूम नं0 478, पेज नं0 159-168, करेक्शन डीड दस्तावेज सीरीयल नं0 4039, दिनांक 02.04.2022। लिंक्ड सेल डीड एस.आर. मुगलसराय, बुक नं0 1, वॉल्यूम नं0 5215, पेज नं0 125-150, लिंक्ड सेल डीड दस्तावेज सीरीयल नं. 8650 दिनांक 04.08.2014 सह संपत्ति मोहल्ला हनुमानपुरा, परगना-मवई, तहसील-मुगलसराय और जिला चन्दौली में सिथत है। चौहद्दी विलेख के अनुसार **पूरब**-विजय और अन्य लोगो की बाउंड्री वॉल (चारदीवारी) और मकान, **पश्चिम**-बीपी तिराहा की जमीन, 8 फुट चौड़ा रास्ता और बाउंड्री वाफल, **उत्तर**-अन्य लागों की जमीन, **दक्षिण**-शराफुद्दीन और अन्य लोगों का मकान।					
	शाखा: खरिहानी (2179)						
2.	उधारकर्ता: मेसर्स नोवेल्टी रेडीमेड गारमेन्ट (प्रो. अंसार अहमद पुत्र गुलाब अहमद) गारण्टर: श्रीमती जैबूनिशा पत्नी गुलाब अहमद दोनों का पता : ग्राम व पोस्ट खरिहानी, मेहनगर, आजमगढ़ पीन कोड 276204	जमीन का क्षेत्रफल 100 कड़ी अथवा 405 वर्ग फीट, श्रीमती जैबुनिशा पत्नी गुलाब अहमद के नाम विक्रय विलेख	23.02.2022 प्रतिकात्मक	09.11.2021 7,47,835.84 ब्याज + अन्य चार्ज	05.54 (लाख) 0.56 (लाख) 0.10 (लाख)	श्री एस.बी. अग्रवाल 9001081894	17.11.2026 10:00 AM to 05:00 PM
		संख्या 862 दिनांक 5.07.2010 को निबंधित, ग्राम व पोस्ट खरिहानी, परगना-बेल्हा बास, तहसील मेहनगर, जिला आजमगढ़ चौहद्दी विलेख के अनुसार **पूरब**-सहुल्या की कृषि भुमि **पश्चिम**-चक रोड, **उत्तर**-गुलाब व अन्य की जमीन, **दक्षिण**-बेचन व अन्य की कृषि भुमि। **वर्तमान चौहद्दी पूरब**-सहुल्या की कृषि भुमि, **पश्चिम**-रास्ता नहीं (अन्य की जमीन), **उत्तर**-गुलाब व अन्य की कृषि भुमि **दक्षिण**-बेचन व अन्य की कृषि भुमि।					

नीलामी से संबंधित नियम व शर्तो के लिए यूको बैंक की वेबसाइट: website i.e. https://www.ucobank.com, या पीएसबी आलियान्स का ई विक्रय के https://baanknet.com को देखें।

नोट:- यदि प्रकाशित विज्ञापन में कोई त्रुटि हो जाती है तो अंग्रंजी समाचार पत्र में प्रकाशित विज्ञापन को सही माना जाये।

दिनांक: 28.10.2026 स्थान: चन्दौली, खरिहानी | अंग्रेजी विज्ञापन हिन्दुस्तान टाईम्स में प्रकाशित। | प्राधिकृत अधिकारी, यूको बैंक